

# डोल ग्यारस पर निकले विमान

## श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण को कराया जल विहार

**बैरसिया, 3 सितंबर. डोल ग्यारस का पर्व बुधवार को हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. पूर्व परंपरागत मंदिरों में डोल ग्यारस के विमानों सजाकर नगर में भ्रमण कराया गया और विमान में विराजमान भगवान श्री कृष्ण को जलविहार करवाया गया.**

डोल ग्यारस के डेढ़ दर्जन विमानों की शोभायात्रा रेंज चौराहा दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग कलारी चौराहा , बाल विहार, चौपड़ बाजार, सांवलिया मंदिर से छत्री मंदिर होकर बसई स्थित बड़े तालाब पहुंची.

- अखाड़ों के युवाओं ने करतबों का प्रदर्शन किया
- व्यवस्था में विशेष सहयोग पुलिस प्रशासन का देखा गया
- विमान में विराजमान भगवान कृष्ण को जलविहार करवाया

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा , विधायक विष्णुखत्री, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड, ब्रह्मानन्द रत्नाकर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अवनीश भार्गव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर, पूर्व नपा अध्यक्ष राजमल कुशवाह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश साहू, समाजसेवी दीपक दुबे, नरेंद्र शर्मा, लालाराम साहू, गुलाब साहू, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष आशीष साडला, अमित साहू, राजकुमारी सुंदरलाल केवट, लोकेश दांगी, जगदीश सेन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक संस्थाओं के अलावा श्रद्धालु शामिल थे.

वहां सभी ने विमानों की पूजा अर्चना की गई. शोभायात्रा में अखाड़ों के युवाओं ने करतबों का प्रदर्शन किया. शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं. व्यवस्था में विशेष सहयोग पुलिस प्रशासन का देखा गया.



## सीएम ने सिंधिया को भेंट की वैदिक घड़ी

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके आवास पर बुधवार को सौजन्य भेंटकर वैदिक घड़ी भेंट की. साथ ही प्रदेश में संचालित लोककल्याणकारी योजनाओं और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की.

## एक नजर में

### एमपी के उप लोकायुक्त बने नरेंद्र प्रताप सिंह

**भोपाल.** राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने नरेंद्र प्रताप सिंह को मध्य प्रदेश का उप-लोकायुक्त नियुक्त किया है. राज्यपाल मंगू भाई पटेल की ओर से दी गई नियुक्ति के तहत, वे उप-लोकायुक्त अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत अपने दायित्वों का पालन करेंगे. राज्य शासन ने उनकी नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है. नरेंद्र प्रताप सिंह हाल ही में 31 अगस्त को प्रमुख सचिव (विधि) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे. उनके कार्यकाल और अनुभव को देखते हुए उन्हें राज्य में भ्रष्टाचार निरोधक उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने का जिम्मा सौंपा गया है.

### आरोपियों पर रासुका लगाने की मांग

**सिलवानी.** ग्राम भैंसरा में मृत मवेशियों के अवशेष मिलने के मामले में करणी सेना ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रायसेन कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार सुधीर शुक्ला को सौंपा, जिसमें अन्य आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की गई है. ज्ञापन में बताया गया कि 21 जुलाई 2025 को ग्राम भैंसरा के एक खेत में नाले के किनारे मृत पशुओं के अवशेष पाए गए थे. इस घटना की सूचना विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस को दी गई थी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अवशेषों को जांच के लिए भेजा.

### कस्तूरी वाटिका कॉलोनी से 2 मोटरसाइकिल चोरी

**सलामतपुर.** सलामतपुर थाना क्षेत्र के दीवानगंज कस्तूरी वाटिका कॉलोनी में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर सोलंकी के घर के बाहर गैलरी में खड़ी दो मोटरसाइकिलें चोरों ने गेट का ताला तोड़कर चुरा लीं. फरियादी नीलम सोलंकी ने बताया कि एक मोटरसाइकिल उनकी खुद की थी, जबकि दूसरी उनके किराएदार की थी. सोलंकी के मुताबिक, मंगलवार रात करीब 9 बजे दोनों मोटरसाइकिलें गैलरी में खड़ी कर गेट में ताला लगाया गया था. बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे जब उन्होंने देखा तो दोनों मोटरसाइकिलें वहां से गायब थीं. चोरों ने गेट का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए.

# सरकार से वेतन निर्धारण करने की मांग

## कृषि संविदा अधिकारी कर्मचारी संघ ने कृषि मंत्री से लगाई गुहार

**भोपाल, 3 सितंबर. कृषि विभाग की सब मिशन ऑन एग्री कल्चरल आत्मा योजनान्तर्गत संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों की समकक्षता का निर्धारण विगत 02 वर्ष से नहीं किया गया है.**

कृषि संविदा अधिकारी कर्मचारी संघ के बैनर तले समकक्षता का निर्धारण को लेकर भोपाल में कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना के बंगले पर पूरे प्रदेश के कर्मचारी और समकक्षता व वेतन निर्धारण करने की मांग की. संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह जाटव ने बताया गया कि मध्य प्रदेश के संविदा कर्मियों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संविदा नीति 2023 बना कर लागू की गई, जो कि विभाग में नियमित पदों के समकक्ष कर्मचारियों के समान संविदा कर्मियों को वेतन लाभ, अवकाश लाभ एवं सामाजिक सुरक्षा देने के लिए बनाई गई, जो प्रदेश के लगभग सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए 01 अगस्त 2023 से लागू कर दी गई है, किंतु कृषि विभाग की आत्मा योजना के संविदा कर्मचारियों को आज तक समकक्षता एवं वेतन निर्धारण से वंचित रखा गया.



## राजधानी भोपाल में जीएसटी का छापा

**भोपाल.** राजधानी भोपाल में छापामार कार्रवाई का सिलसिला जारी है. इसी कड़ी में देर शाम जीएसटी विभाग की टीम ने कमला नगर स्थित क्लासिक सिक्योरिटी सर्विस के ठिकानों पर रेड की है. बताया जा रहा है कि करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी को लेकर यह कार्रवाई की गई है. जानकारी के अनुसार, राजकुमार पांडे नामक शख्स क्लासिक सिक्योरिटी सर्विस का संचालक है. उसकी कंपनी सरकारी कार्यालयों में सिक्योरिटी का ठेका लेने का काम करती है. लंबे समय से विभाग को जीएसटी चोरी की शिकायतें मिल रही थी.

# यात्रियों से भरी बस पलटी, मची चीख-पुकार

**ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ हादसा**

**बालाघाट. मध्य प्रदेश के बालाघाट में यात्री बस पलट गई. घटना के बाद लोगों में चीख-पुकार मच गई. करीब 24 से ज्यादा यात्री हादसे में घायल हो गए हैं.**

जिनका अस्पताल में इलाज जारी है. दरअसल, निजी ट्रेवल्स की बस (एमपी 50 पी 0599) बैहर से बालाघाट की ओर आ रही थी. इस दौरान गांगुलपारा घाटी के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई. इस दौरान करीब 35 लोग सवार थे जिनमें से 4 को गंभीर चोट आई है. स्थानीय लोगों की मदद से लोगों को बाहर निकाला गया. वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. बताया जा रहा है कि ब्रेक फेल होने की वजह से यह हादसा हुआ था. पुलिस ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है.





## अहीरपुरा में विराजे बुद्धि विनायक

**भोपाल.** राजधानी के पुराने शहर के अहीरपुरा जहांगीराबाद की गली नंबर 1 में श्री राम लल्ला संस्कृति सेवा समिति भगवान गणेशजी की भव्य प्रतिमा विराजमान की गई है. समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने बताया कि भगवान गणेश जी के दर्शन के लिए प्रतिदिन शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है.

# झुक गए बिजली के खंभे, झूल रहे तार

**बेगमगंज/ सुल्तानगंज, 3 सितंबर. पड़ान मोहल्ले के रहवासियों एवं स्कूल जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तिरछे हो रहे बिजली के खंभे एवं बहुत नीचे लटकते तार खतरा बन गए हैं.**

घरेलू कनेक्शनधारी लोगों ने बिजली विभाग से उन्हें सुरक्षित करने एवं उसके ऊपर से 4 साल पहले निकाली गई हाइटेंशन लाइन हटाने की आवश्यकता बताते हुए विद्युत वितरण कंपनी से सुरक्षा की गुहार लगाई है. समाजसेवी हेमंत शर्मा, महेंद्र सिंह राजपूत, उमाशंकर शर्मा, राहुल जैन, सौरभ घोषी, वंदना शर्मा, रश्मि मिश्रा, रजनी शर्मा इत्यादि सहित 100 के करीब रहवासियों ने शिकायत की है कि उनके क्षेत्र पड़ान मोहल्ले में वर्षों से लगे बिजली के खंभे नीचे से बेस कमजोर होने से आड़े-तिरछे हो गए हैं. जिससे अभी वर्षाकाल में हो रही तेज हवा -पानी में कभी भी गिर सकते हैं. इस मार्ग पर लगे एक ही खंभे से 25 घरेलू कनेक्शन है और 4 साल पहले बिजली विभाग के समझदार अधिकारियों ने उन्ही खंभों की लाइन के ऊपर से अलग से 11 केबी लाइन निकाल दी जिससे ओर ज्यादा खतरा बढ़ गया है.

**ग्रामीणों ने कहा- कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

अभिभावकों ने बहुत नीचे आ गए लटकते हुए तारों के कारण आशंका व्यक्त करते हुए कहाकि उन्होंने इसके संबंध में कई बार अधिकारियों को शिकायत की लेकिन आज तक समस्या का निराकरण नहीं कराए जाने से उनकी एवं बच्चों की जान जोखिम में है. पुन: विभागीय अधिकारियों से आड़े- तिरछे खंभों को सीधा करने एवं नीचे लटकती लाइन को ऊंचा करके उसके ऊपर से गई 11 केवी लाइन हटाने की मांग की है.

# पति महिलाओं की लूटता था इज्जत, पत्नी बनाती थी एमएमएस

**भोपाल.** भोपाल से शादी का झांसा देकर महिलाओं से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां आरोपी खुद को बिजनेसमैन बताकर रेप करता था. वहीं उसकी पत्नी रूब्स बनाया करती थी. पूरा मामला बागसेवनिया थाना क्षेत्र का है. आरोपी का नाम अविनाश प्रजापति है. वह खुद को बड़ा उद्योगपति बताकर महिलाओं को झांसा दिया करता था. पीड़ित महिलाएं मेट्रीमोनियल साइट के जरिए आरोपी के संपर्क में आई थीं.


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अदिति आचार्य था जिसे बदलकर अदिती वरूण त्रिवेदी कर दिया गया है । मुझे ADITI VARUN TRIVEDI W/O VARUN TRIVEDI नाम से जाना व पहचाना जाएें ।

सही: अदिती वरूण त्रिवेदी
वार्ड नं. 14, सराफा मार्केट,
वारासिवनी

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता और मेरे पति का नाम गलत है AKILA BEGAM D/O SHAFIQUE AHMAD & W/O MOHAMMAD SANAWWAR KHAN था जो कि गलत है मेरे पिता और मेरे पति का सही नाम AKILA BEGAM D/O SHARIF AHMAD & W/O MOHD SANAWAR है अतः अब भविष्य में मेरे पिता और मेरे पति को इसी नाम से जाना वह पहचाना जावेगा ।

123/3 ASHOKA COLONY
NEAR BADSHAH SHADI HALL
NOOR MAHAL ROAD BHOPAL


# 65वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी 30 सितंबर तक

**भोपाल, 3 सितंबर. मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है.**

इसी क्रम में 3 सितंबर से भील जनजातीय चित्रकार कम्मी बाई के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है. 65वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 सितंबर, 2025 (मंगलवार से रविवार) तक निरंतर रहेगी.

भीली चित्रकार कम्मी बाई का जन्म जनजातीय बहुल जिले झाबुआ के ग्राम दोतड़ (तहसील- रानापुर) में वर्ष 1988 में हुआ. जंगल-पहाड़ों से घिरे ग्रामीण वातावरण और प्रकृति के सान्निध्य में उनका बचपन गुजरा. गाँव में स्कूल न होने से शिक्षा से वंचित रहीं. आपका विवाह अपने समुदाय के ही श्री रामसिंह भाबोर से वर्ष 2007 में हुआ, जो कि भीली चित्रकला में सुपरिचित नाम है. विवाह के उपरांत कम्मी बाई अपने पति के चित्रकला कार्यों में सहयोग करने लगी, उन्हीं के सान्निध्य और सहयोग से भीली चित्रकला की बारीकियों को सीखा-समझा और अपनी स्वतंत्र शैली विकसित की.





# हत्या का फरार आरोपी दमोह से हुआ गिरफ्तार

**बेगमगंज, 3 सितंबर. जून 2019 में बड़गवां गांव में भूमि विवाद में हुए जघन्य हत्याकांड का 10 हजार का ईनामी सजायाफ्ता आरोपी दमोह में मजदूरी करता हुआ पकड़ा गया.**

एसपी पंकज पांडे के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे व एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थानाप्रभारी राजीव उइके के नेतृत्व में आरक्षक जितेंद्र सिंह , राहुल मिश्रा एवं शौरभ राजपूत की टीम ने बड़गवां में भूमि विवाद में एक व्यक्ति की जघन्य हत्या के आरोपित को गिरफ्तार किया. थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि 23 जून 2019 को दीनदयाल लोधी पिता फागू लाल लोधी 55 वर्ष ने अपने दो पुत्रों हलकोटी लोधी, राजा लोधी व दोनों भाई माखन लोधी, उजागर लोधी एवं साथी हीरालाल अहिरवार , रंजीत अहिरवार के साथ मिलकर मेघराज लोधी पिता केशरी लोधी 40 वर्ष की भूमि विवाद के चलते जघन्य हत्या कर दी थी.


**नाम परिवर्तन सूचना**

MO PARVEZ S/O MOHAMMAD AHMED ALAS LALLU KHAN आयु व्यस्क निवासीः 04 अहमद अली कॉलोनी ऐशबाग भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम MOHAMMAD PARVEZ दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम MO PARVEZ हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद विवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

ATHAR HABIB S/O HABIB REHAN KHAN आयु व्यस्क निवासी : 16 सहारा परिसर नियर एस टी जोसफ स्कूल ईद गाह हिल्स भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम ATHER HABIB दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम ATHAR HABIB हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद विवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।

**CHANGE OF NAME**


BE IT, KNOWN THAT I, SAIYAD ISHARAQUE AHMED HASHMI S/O, SAIYAD AFAK ALI DOING SELF EMPLOYED RESIDENT OF KALA PAHAD, MAIDAN GALI, WARD NO. 07, CHANDERI, ASHOK NAGAR - 473446 (M.P.). HAS BEEN CHANGED MY NAME FROM SAIYAD ISHARAQUE AHMED TO SAIYAD ISHARAQUE AHMED HASHMI AND HENCE-FORTH I, WILL BE KNOWN AS MY NEW NAME SAIYAD ISHARAQUE AHMED HASHMI IN ALL FUTURE CORRESPONDENCE


**लापरवाही** | एक माह से बंद पड़ी हैं स्ट्रीट लाइटें, गड्ढों से हो रहे हादसे

# 529 करोड़ से बने हाईवे का दूर नहीं हो रहा अंधेरा

**मंडीदीप, 3 सितंबर. राजधानी भोपाल से जबलपुर नागपुर नेशनल हाईवे की हालत इन दिनों बद से बदतर होती जा रही है, जहां सड़क पर पर गहरे गड्ढे हो गए हैं. रात के समय तमाम 50 किलोमीटर की स्ट्रीट लाइट बंद रहती है.**

जिससे आए दिन दुर्घटना होने की खबर सोशल मीडिया द्वारा मिल रही है. यह वही नेशनल हाईवे है, जहां से मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आए दिन गुजरते हैं, फिर भी यहां स्ट्रीट लाइट 1 माह से बंद पड़ी है. तमाम भाजपा के मंत्री भी इसी नेशनल हाईवे से आए दिन गुजरते हैं, फिर भी कोई अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. इस बारे में जब नगर पालिका, एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी सहित तमाम विभागों, कंपनियों से बात की तो उन्होंने जिम्मेदारी एक-दूसरे पर ढोल दी.



### इनका कहना है

यह स्ट्रीट लाइट हमारे अंडर में नहीं आती यह किसी और कंपनी के अंडर में आती है पता करते हैं और स्ट्रीट लाइट चालू करवाते हैं

**- प्रशांत जैन,** सीएमओ नपा मंडीदीप

हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है पहले हमारे अंडर में नहीं आती है हम कुछ नहीं कर सकते.

**- केएस धामी ,** सीडीएस अधिकारी

स्ट्रीट लाइट को लेकर 3 दिन पहले मीटिंग रखी गई थी ठेकेदार द्वारा बड़ी संख्या में बिल जमा नहीं होने के कारण लाइट चालू नहीं हो पा रही हैं ठेकेदार से बात हुई है जल्द नेशनल हाईवे स्ट्रीट लाइट चालू कराई जाएगी और ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी.

**-सोनल सिंह,** एमपीआरदीसी डायरेक्टर मैनेजर


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल, जोन क्र. 15 यांत्रिक विभाग**

**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

क्र. 190/यां.वि./2025 — भोपाल दिनांक 2-9-2025

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं.

| क्र. | ऑनलाइन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एसओआर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD _448779_1 | Construction of CC Road and Road Cross Near Marthi Mandir Ground Anand Nagar Ward 64, Zone 15 | 7,38,939/- | 7,389/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 01 Months |
| 2. | 2025_UAD _448790_1 | Construction of RCC Drain Behind Shiv Mandir Gupta Colony W-64, Z-15 | 3,78,133/- | 3,781/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 01 Months |
| 3. | 2025_UAD _448822_1 | Construction of CC Road from Prajapati Ji House to Godown new Ashok Vihar Colony W-64, Z-15 | 18,41,400/- | 13,810/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 02 Months |
| 4. | 2025_UAD _448842_1 | Construction of CC Road from st. Paul School Culvert to BHEL Nagar W-64 Z-15 | 8,72,820/- | 8,728/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 01 Months |

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं.
2. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा.

नि.क्र. 2373/025/026 — सहायक यंत्री (सिविल) नगर पालिक निगम, भोपाल